कार्यालय–अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण,
इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून।
E-mail:nodalofficerddn@gmail.com Phone/ Fax: 0135-2767611

पत्रांक– 1486/ FP/UK/ROAD/47083/2020 :देहरादून:दिनांकः 13 नवम्बर, 2020

सेवामें,

प्रमुख अभियन्ता,
लोक निर्माण विभाग, यमुना कोलोनी,
देहरादून।

विषयः– जनपद–पिथौरागढ़ के अन्तर्गत खिरमाण्डे से गनई मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 7.785 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन।

महोदय,

उपरोक्त विषयक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव तैयार कर अधिशासी अभियन्ता, लो0नि0वि, बेरीनाग, पिथौरागढ के द्वारा ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से इस कार्यालय को उपलब्ध कराया गया है। उपरोक्त वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव पर इस कार्यालय के EDS दिनांक 24.08.2020 एवं 28.10.2020 से कतिपय सूचना चाही गई है, जिसका पूर्ण निराकरण किए बिना ही प्रस्ताव पुनः इस कार्यालय को ऑनलाईन प्रेषित किया गया है। परिपूर्ण सूचनाओं के अभाव में प्ररकरण पर अग्रेत्तर कार्यवाही किया जाना संभव नही है। अतः इस कार्यालय द्वारा लगाई गई EDS की प्रति संलग्न कर इस आशय से प्रेषित कि अपने स्तर से सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें। ताकि प्रकरण पर स्वीकृति हेतु भारत सरकार को लिखा जा सके।

संलग्नः–यथोपरि।

भवदीय,

(डी0जे0के0 शर्मा) 13/11/20
अपर प्रमुख वन संरक्षक नोडल अधिकारी

संख्या / FP/UK/ROAD/47083/2020 तद्दिनांकि।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. श्रीमती मीना गंगोला, मा0 विधायक विधानसभा क्षेत्र गंगोलीहाट, ग्राम–तुपरोली पो0ओ0 सगाडी, जिला पिथौरागढ।
2. सचिव, लो0नि0वि0, उत्तराखण्ड, शासन।
3. वन संरक्षक, उत्तरी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखण्ड, अल्मोडा।
4. प्रभागीय वनाधिकारी, पिथौरागढ वन प्रभाग, पिथौरागढ को इस आशय से प्रेषित कि प्रस्ताव विभाग द्वारा प्रकरण में वॉछित सूचना के अनुरूप सूचना प्रेषित नही की गई है। आपके स्तर से भी सूचना यथावत अग्रसारित की गई है, जिससे वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव के निस्तारण में अनावश्यक विलम्ब हो रहा है। अतः प्रस्ताव को भली–भांति जॉच के उपरान्त ही इस कार्यालय को अग्रसारित किया जाये।

(डी0जे0के0 शर्मा)
अपर प्रमुख वन संरक्षक नोडल अधिकारी